# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/गुण. एवं प्रशि. अनु./गुण.प्र./प्रवेशोत्सव/22492/2025–26 दिनांक : यथा हस्ताक्षर

**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी**
**मुख्यालय–माध्यमिक/प्रारम्भिक।**

**विषयः–** समस्त राजकीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव अभियान के अंतर्गत नामांकन अभिवृद्वि, अनामांकित एवं ड्रापआउट बालक–बालिकाओं को नामांकन के लिए प्रोत्साहित करने तथा विद्यालयी शिक्षा से पुनः जोडने के संबंध में।

**प्रसंगः–** कार्यालय हाजा के आदेश दिनांकः– 05.03.2026 (राजकाज नं– 0847975) के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत विभाग द्वारा 3 वर्ष से 18 वर्ष तक के समस्त बालक–बालिकाओं को विद्यालय में नामांकित करने के साथ ही उनका विद्यालय में शत–प्रतिशत ठहराव सुनिश्चित करना भी विभाग की प्रमुख प्राथमिकता है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए समस्त अधिकारीगणों तथा कार्मिकों के सम्मिलित प्रयास अत्यावश्यक है। इस संबंध में निर्देशित किया जाता है कि :–

प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के विस्तृत दिशा–निर्देशों के अनुरुप अपने अधीनस्थ कार्मिकों/शिक्षकों को निर्देशित कर नामांकन वृद्वि, अनामांकित एवं ड्रापआउट बालक–बालिकाओं, प्रवासी श्रमिकों के बच्चों एवं बाल–श्रम से मुक्त कराये गए बालक–बालिकाओ, विद्यालय से जोडने एवं प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान हाउसहोल्ड सर्वे करवाया जाना है। **सत्र 2026–27 के लिए प्रवेशोत्सव कार्यक्रम दिनांक : 27.03.2026 से प्रारंभ किया जाना है।**

**1.** प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैं :–

| **प्रवेशोत्सव का प्रथम चरण** | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.स. | कार्य प्रक्रिया | | दिनांक |
| 1. | हाउस होल्ड सर्वे/बच्चों का चिह्निकरण | – | 27 मार्च से 25 अप्रेल 2026 |
| 2. | प्रवेशोत्सव सघन अभियान | – | 27.03.2026, 06.04.2026, 10.04.2026 एवं 15.04.2026 |
| 3. | नामांकन अभियान (CRC मॉड्यूल में प्रविष्टि) | – | 01 अप्रेल से 02 मई 2026 |
| **प्रवेशोत्सव का द्वितीय चरण** | | | |
| 4. | शेष रहे बच्चों के चिह्निकरण हेतु पुनः हाउस होल्ड सर्वे | – | 04 मई से 04 जुलाई 2026 |
| 5. | नामांकन अभियान (CRC मॉड्यूल में प्रविष्टि) | – | 04 मई से 11 जुलाई 2026 |

**2. प्रवेश महोत्सव का आयोजन :–**

- नव प्रवेशित विद्यार्थियों के उत्साहवर्द्धन एवं उनके विद्यालय में स्वागत के लिए वर्तमान सत्र में दिनांक :27.03.2026 से 11.07.2026 तक **प्रवेश महोत्सव** का आयोजन किया जाना है।
- इस हेतु नवप्रवेशित विद्यार्थियो के अभिभावकों को विद्यालय में आमंत्रित कर विद्यालय की प्रवेश समिति के साथ परिचित करवाकर प्रवेश प्रक्रिया को भी पूर्ण किया जावे।
- इस दौरान नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत सत्कार किया जाये। सत्कार विद्यालय की परिस्थितियों के अनुरूप तिलक लगाकर, माला पहनाकर किया जा सकता है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2026.03.25 20:35:57 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20857576

## 3. अनामांकित एवं ड्रापआउट बालक–बालिकाओं का चिह्निकरण:

- राज्य के समस्त बालक–बालिकाएं जिनकी आयु आंगनवाडी/विद्यालय जाने के योग्य हैं, का चिह्निकरण उनका आयु अनुरूप आंगनवाडी/कक्षा में प्रवेश कर विद्यालयी शिक्षा से जोडा जाए। इस हेतु 27 मार्च 2026 से संस्था–प्रधान द्वारा शिक्षकों को विद्यालय परिक्षेत्र में घर–घर भेजकर हाउसहोल्ड सर्वे करवाया जाना है।
- हाउस होल्ड सर्वेकर्ता शिक्षक सर्वे के समय अपने साथ विद्यालय की विविध उपलब्धियां यथा–बोर्ड परीक्षा परिणाम, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं एवं पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियों के पेम्पलेट्स इत्यादि साथ लेकर जायेंगे।
- जन्म पंजिकाओं में पंजीकृत विद्यालय जाने के योग्य समस्त बालक–बालिकाओं की पहचान कर विद्यालयों/आंगनबाड़ियों में प्रवेश सुनिश्चित किया जाये।
- **विद्यालय में समन्वित आंगनबाड़ी, विद्यालय के प्रशासनिक नियंत्रण में स्थित आंगनबाड़ी एवं परिक्षेत्र में संचालित अन्य आंगनबाड़ी में अध्ययनरत् शत् प्रतिशत बालक–बालिकाओं का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित किया जाये।**
- **इसके लिए पीईईओ द्वारा अधीनस्थ समस्त विद्यालयों के परिक्षेत्र में स्थित समस्त आंगनबाड़ी में अध्ययनरत इस सत्र में कक्षा 1 में प्रवेश योग्य समस्त विद्यार्थियों की आंगनबाड़ी से प्राप्त कर उन्हें अधीनस्थ निकटतम विद्यालय में अस्थायी रूप से प्रवेश देना सुनिश्चित किया जावें एवं अस्थायी प्रवेश के साथ ही ''अस्थायी प्रवेश प्रमाण पत्र'' भी जारी किया जाना है, जिसके क्रमांक का संधारण विद्यालय में आवश्यक रूप से किया जावें।**
- आंगनबाडी में अध्ययनरत बालक–बालिकाओं के प्रवेश हेतु शाला दर्पण में नवीन प्रवेश मॉडयूल में विकल्प प्रारंभ किया गया है। विद्यालय में समन्वित आंगनबाड़ी एवं अन्य आंगनबाड़ी को सर्च कर बालक–बालिकाओं के नाम पर क्लिक करके उन्हे राजकीय विद्यालय में प्रवेश दिया जा सकेगा। प्रवेश के पश्चात विद्यार्थी के नाम के आगे प्रवेशित विद्यालय का नाम प्रदर्शित होगा।

## 4. प्रवेशोत्सव एवं हाउस होल्ड सर्वे की साप्ताहिक मॉनिटरिंग :–

प्रवेशोत्सव अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक स्तर के लिए कार्य निर्धारित किये गये हैं। इसी क्रम में प्रवेशोत्सव एवं हाउस होल्ड सर्वे की साप्ताहिक मॉनिटरिंग करने हेतु करणीय कार्य अग्रानुसार रहेंगे :–

- **शिक्षकों द्वारा हाउसहोल्ड सर्वे के लिए निर्मित डिजिटल प्रवेशोत्सव ऐप में नवीन व्यवस्था लागू की गई है। अब पीईईओ परिक्षेत्र के अंतर्गत विद्यालय परिक्षेत्र के प्रत्येक घर का सर्वे किया जाकर इसकी प्रविष्टि प्रवेशोत्सव ऐप पर की जानी अनिवार्य है। जिन घरों में आयु अनुरूप प्रवेश हेतु बालक–बालिका , आउट ऑफ स्कूल बालक–बालिका, अनामांकित या ड्रापआउट बालक–बालिका नहीं है, उनकी भी जानकारी प्रवेशोत्सव ऐप में दर्ज की जानी अनिवार्य होगी। इसके लिए प्रवेशोत्सव ऐप पर आवश्यक ऑप्शन उपलब्ध करा दिया गया है।**
- **प्रवेशोत्सव के दौरान समस्त आंगनबाडी केन्द्रों में अध्ययनरत 5–6 वर्ष आयु वर्ग के बालक–बालिकाओं की शाला दर्पण पोर्टल पर प्रदर्शित सूची की साप्ताहिक मॉनिटरिग कर सभी विद्यार्थियों को निकटस्थ राजकीय विद्यालय में कक्षा –1 में प्रवेश दिया जाकर इसकी सूचना शाला दर्पण पोर्टल में अनिवार्यत: प्रविष्ट किया जाना सुनिश्चित करावें।**
- सभी विद्यालयों में घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु एवं विमुक्त जातियों के बालक–बालिकाओं के विद्यालय में प्रवेश के लिये प्रवेशोत्सव के अंतर्गत विशेष प्रयास कर इनका अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित किया जाना है। अत: सीडीईओ अपने परिक्षेत्र में घुमन्तु, अर्द्धघुमन्तु एवं विमुक्त जातियों के विद्यार्थियों की संख्या के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात इस कार्यालय को प्रेषित किया जाना सुनिशिचित करें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2026.03.25 20:35:57 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
20857576

- प्रवेशोत्सव के दौरान शिक्षकों द्वारा करवाये जाने वाले हाउसहोल्ड सर्वे से पूर्व शिक्षकों का उस परिक्षेत्र के बी.एल.ओ से जानकारी लेकर, सामंजस्य स्थापित करवाकर प्रवेशोत्सव की कार्यवाही करवायी जावें।
- प्रत्येक विद्यालय द्वारा शिक्षकों द्वारा किये गये हाउस होल्ड सर्वे के पश्चात् विद्यार्थी प्रवेश की प्रविष्टियां प्रतिदिवस शालादर्पण के CRC मॉड्यूल पर अद्यतन की जानी है।
- प्रत्येक शनिवार दोपहर 01:00 बजे तक पीईईओ/यूसीईईओ अपने क्षेत्राधीन समस्त विद्यालयों से साप्ताहिक रूप से अनामांकित एवं ड्रापआउट बालक/बालिकाओं के पहचान एवं उनके विद्यालय में प्रवेशित होने की स्थिति की रिपोर्ट प्राप्त करेंगे तथा विद्यालय छोड़ने से पूर्व संबंधित सीबीईओ को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे।
- प्रत्येक शनिवार सायं 05:00 बजे तक प्रत्येक सीबीईओ अपने क्षेत्राधीन समस्त पीईईओ/ यूसीईईओ से प्राप्त रिपोर्ट्स का संकलन एवं संधारण कर अपने CDEO को प्रेषित करेंगे। जिन विद्यालयों द्वारा रिपोर्ट प्राप्त नहीं हो पाई उनसे भी रिपोर्ट प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करेंगे।
- प्रत्येक सोमवारः सायं 05:00 बजे तक समस्त CDEO अपने क्षेत्राधीन समस्त CBEO से प्राप्त रिपोर्ट्स का संकलन एवं संधारण करेगें तथा एक पृष्ठीय संख्यात्मक समेकित रिपोर्ट संबंधित संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) एवं निदेशालय को वांछित स्थिति में प्रेषित करेंगे।
- प्रवेशोत्सव अभियान के दौरान निरीक्षण की विशेष आवश्यकता वाली पंचायतों/विद्यालयों (हॉटस्पॉट) की सूची शालादर्पण पर उपलब्ध करवायी जा रही है, इन पंचायतों/विद्यालयों में प्रवेशोत्सव की दैनिक प्रगति की समीक्षा प्रति दिवस पीईईओ/सीबीईओ द्वारा की जायेगी।
- इस वर्ष प्रवेशोत्सव हेतु सर्वे कार्य के लिए दिनांक : 27.03.2026, 06.04.2026, 10.04.2026 एवं 15.04.2026 को प्रांसगिक दिशा निर्देशों के अनुरूप प्रवेशोत्सव सघन अभियान चलाया जाना सुनिश्चित करें।
- प्रवेशोत्सव हेतु समुदाय सदस्यों, अभिभावकों, पूर्व विद्यार्थियों, ग्रामीणों, एसडीएमसी–एसएमसी सदस्यों का भी सहयोग लिया जावें। "एक व्यक्ति–एक प्रवेश" अभियान के अनुसार पूर्व विद्यार्थियों व समुदाय सदस्यों का सहयोग लिया जावें।

उल्लिखितानुसार प्रवेशोत्सव अभियान के विस्तृत दिशा–निर्देशों के अनुसार फील्ड की वास्तविक एवं सुनियोजित कार्ययोजना बनाकर यह सुनिश्चित करें कि आंगनवाडी अथवा विद्यालय जाने योग्य आयु वाला एक भी विद्यार्थी विद्यालयी शिक्षा से वंचित न रहे।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।**

**संलग्न : उपरोक्तानुसार।**

(सीताराम जाट)
**आई.ए.एस.**
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. विशिष्ट सहायक, कार्यालय–उप मुख्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास, जयपुर। (जरिये–ईमेल)
2. विशिष्ट सहायक, कार्यालय–मंत्री, शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत), पंचायती राज विभाग, जयपुर। (जरिये–ईमेल)
3. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर। (जरिये–ईमेल)
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, जयपुर। (जरिये–ईमेल)
5. निजी सचिव, शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, जयपुर। (जरिये–ईमेल)

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2026.03.25 20:35:57 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20857576

6. निजी सचिव, आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर। (जरिये–ईमेल)
7. निजी सचिव, आयुक्त, महिला अधिकारिता विभाग एवं पंचायती राज (महिला अधिकारिता) विभाग, जयपुर। (जरिये–ईमेल)
8. निजी सचिव, निदेशक एवं पदेन संयुक्त सचिव, सरकार, वाटरशेड विकास एवं मृदा संरक्षण विभाग (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग), राजस्थान, जयपुर। (जरिये–ईमेल)
9. शासन उपसचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर। (जरिये–ईमेल)
10. निजी सचिव, निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा पदेन संयुक्त सचिव, सरकार एवं पंचायती राज (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) विभाग, राजस्थान, जयपुर। (जरिये–ईमेल)
11. निजी सचिव, निदेशक, साक्षरता एवं सतत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर। (जरिये–ईमेल)
12. निजी सहायक, समस्त जिला कलक्टर। (जरिये–ईमेल)
13. निजी सहायक, निदेशक संस्कृत शिक्षा निदेशालय, शिक्षा संकुल परिसर, जयपुर। (जरिये–ईमेल)
14. निजी सहायक, सचिव, राजस्थान मदरसा बोर्ड, शिक्षा संकुल परिसर, जयपुर। (जरिये–ईमेल)
15. निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक (II), समग्र शिक्षा, जयपुर। (जरिये–ईमेल)
16. समस्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्। (जरिये–ईमेल)
17. निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर। (जरिये–ईमेल)
18. समस्त विकास अधिकारी, पंचायत समितियाँ (समस्त ब्लॉक) राजस्थान। (जरिये–ईमेल)
19. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, पंचायत समितियाँ (समस्त ब्लॉक) राजस्थान। (जरिये–ईमेल)
20. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एनआईसी, शिक्षा संकुल, जयपुर। (जरिये–ईमेल)
21. स्टाफ ऑफिसर, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर। (जरिये–ईमेल)
22. सहायक निदेशक, पीएसपी/मॉनिटरिंग/माध्यमिक/शालादर्पण/वीआईपी अनुभाग, कार्यालय हाजा। (जरिये–ईमेल)
23. उपनिदेशक शालादर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर को शालादर्पण के CRC मॉड्यूल पर विद्यार्थी प्रवेश की मॉनिटरिंग व एनआईसी से समन्वय कर वांछित अद्यतन करवाने हेतु।
24. समस्त सम्भागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन बाबत् (जरिये ई–मेल)
25. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को पालनार्थ। (जरिये–ईमेल)
26. प्राचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान, बीकानेर/अजमेर। (जरिये–ईमेल)
27. प्रधानाचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, जोधपुर/सादुल स्पोर्टस स्कूल, बीकानेर। (जरिये–ईमेल)
28. समस्त प्राचार्य, डाईट। (जरिये–ईमेल)
29. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय **माध्यमिक/प्रारम्भिक** शिक्षा को पालनार्थ। (जरिये –ईमेल)
30. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा पालनार्थ। (जरिये–ईमेल)
31. मेनेजर, गुरूनानक भवन संस्थान, जयपुर। (जरिये–ईमेल)
32. समस्त पीईईओ/यूसीईईओ।
33. समस्त संस्था–प्रधान।
34. रक्षित प्रति।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)


Signature Not Verified


Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2026.03.25 20:35:57 IST
Reason: Approved


RajKaj Ref No.:
20857576

# –::प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 2026–27 हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश::–

- शिक्षा से वंचित चिह्नित बालक–बालिकाओं की प्रविष्टि प्रत्येक शिक्षक द्वारा **शालादर्पण शिक्षक ऐप** के माध्यम से की जानी है।
- इसके लिए गुगल प्ले स्टोर से “Shaladarpan Shikshak App” को एन्ड्राईड फोन पर डाउनलोड किया जाना है।
- शिक्षक द्वारा स्टाफ शालादर्पण आईडी तथा पासवर्ड प्रविष्ठ उपरान्त लॉगइन किया जाना है, लॉगइन के लिए शिक्षक प्रथम बार अपना पिन डालकर सबमिट करेंगे :–





❖ शालादर्पण शिक्षक एप में डिजिटल प्रवेशोत्सव का चयन कर गत वर्ष किये गए सर्वे में से किसी भी बालक–बालिका की स्थिति जानने के लिए "नामांकन स्थिति" पर क्लिक करें।

❖ अन्यथा "D2D सर्वेक्षण 3 से 18" व D2D सर्वेक्षण 18 से अधिक " हेतु उचित विकल्प का चयन करें।

❖ हाउसहोल्ड सर्वे के लिए निर्मित इस मोबाईल ऐप की चरणबद्ध प्रक्रिया स्क्रीनशॉट अग्रांकितानुसार है :–







1. <u>नामांकन स्थिति पर क्लिक करने पर स्थिति –</u>


- शिक्षकों द्वारा नामांकन स्थिति पर क्लिक करने पर गत वर्ष किये गये सर्वे की सूची प्रदर्शित होगी।
- विद्यार्थियों की स्थिति में अद्यतन करने के लिए औपचारिक, अनौपचारिक व अनामांकित को चयन कर सेव करेंगे :–








2. **D2D सर्वेक्षण 3 से 18 का चयन करने पर स्थिति –**









नया घर/अस्थायी निवास जोड़े पर क्लिक कर परिवार का विवरण भरें





माता-पिता का नाम, वास स्थान व अन्य सम्बंधित प्रविष्टीयाँ करें





परिवार से सम्बंधित सभी प्रविष्टी करने के पश्चात "बच्चा जोड़े + " पर क्लिक कर सहेजे




सर्वे में जोड़े जाने वाले बच्चे का विवरण भरे




परिवार में अन्य बच्चे को जोड़ना है तो विकल्प का चयन कर Save करें





सर्वे के दौरान नए अपेक्षित नए जोड़े जाने वाले बच्चों का विवरण देखा जा सकता है तथा यदि किसी भी सूचना का अद्यतन किया जाना है तो पिता के नाम पर क्लिक कर सम्बंधित सूचना को अपडेट करे

## 3. **D2D** सर्वेक्षण 3 से 18 का चयन करने पर स्थिति –


18 वर्ष से अधिक (वयस्क) को जोडने के लिए पिता का नाम पर क्लिक करें तथा वयस्क से संबंधित सभी सुचनाएं प्रविष्ट करें :–



## सर्वे पूर्ण, डेटा सिंक तथा रिपोर्ट डाउनलोड करना –

- सर्वे पूर्ण होने पर "बंद करें " पर क्लिक कर "हाँ " या "नहीं" पर क्लिक करें –




- दैनिक सर्वे यदि पूर्ण नहीं हुआ है तो नहीं पर क्लिक कर अगले दिन पुनः सर्वे करें तथा सर्वे पूर्ण होने पर "हाँ" पर क्लिक करें।
  नोट :– एक बार डेटा सिंक हो जाने पर दुबारा सर्वे करना संभव नहीं होगा।
- सर्वे के दौरान दैनिक सर्वेक्षण अथवा पूर्ण सर्वेक्षण होने पर "डेटा सिंक" कर देवें। इसके पश्चात बालक–बालिकाओं की सर्वेक्षण सूचना में किसी प्रकार का कोई संशोधन संभव नहीं है।




- प्रवेशोत्सव का सर्वे पूर्ण होने पर प्रवेशोत्सव रिपोर्ट निम्नांकित फोर्मेट में उपलब्ध रहेगी :–




| फॉर्म का नाम | कुल | अपलोड | लंबित |
|---|---|---|---|
| हाउसहोल्ड(3 से 18 वर्ष) | 2 | 0 | 2 |
| बच्चे | 2 | 1 | 1 |
| हाउसहोल्ड(18 वर्ष से अधिक) | 3 | 0 | 3 |
| वयस्क | 1 | 1 | 0 |
| नामांकन स्थिति | 8 | 0 | 0 |

<u>शिक्षा से वंचित बालक–बालिकाओं का प्रवेश एवं इसकी **CRC** मॉडयूल में प्रविष्टि</u>


- इस हाउसहोल्ड सर्वे एवं डिजिटल प्रवेशोत्सव ऐप प्रविष्टि के उपरांत 03 से 18 वर्ष आयु वर्ग के समस्त बालक–बालिकाओं की पहचान की जाकर नव–प्रवेशित, ड्रापआउट इत्यादि बालक–बालिकाओं का पृथक–पृथक रिकार्ड संधारित जाए तथा उनका नियमानुसार निर्धारित कक्षा में निकटतम व़िद्यालय/आंगनवाडी में कार्ययोजना बनाकर आयु अनुरूप प्रवेश करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।
- हाउसहोल्ड सर्वे के उपरांत चिह्नित बालक–बालिकाओं एवं विद्यालय मे पूर्व से नामांकित विद्यार्थियों का ठहराव सुनिश्चित करने हेतु शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओ, गतिविधियों, लाभकारी कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार करते हुए अधिकाधिक नामांकन करवाना है। उन्हें विद्यालय से जोडकर इसकी डेटा प्रविष्टि शालादर्पण के पीईईओ रोल चयन कर CRC मॉड्यूल पर निर्धारित अवधि तक संस्था–प्रधान द्वारा करवायी जानी है।




- इसके लिए सबसे पहले शालादर्पण स्कूल लॉगइन पर पीईईओ रोल का चयन कर, कार्यालय टैब पर जाएं। कार्यालय टैब में प्रदर्शित पीईईओ टैब के अंतर्गत PEEO/CRC (OOSC) का चयन करें।
-




- PEEO/CRC (OOSC) का चयन करने पर चिन्हित एवं गत वर्ष के बकाया अनामांकित / ड्रॉपआउट शिक्षा से वंचित बालक–बालिकाओं की सूची प्रदर्शित होगी, जिसमें मुख्य धारा से जोडे विकल्प दिखाई देगा –



HOME डैशबोर्ड विद्यालय कार्यालय REPORTS (NEW) कार्मिक प्रबन्धन योजनायें कार्य प्रगति RKSMBK App हेल्प डेस्क SHALASAMBLAN APP एनएमएमएस PROPOSAL MGGS खोजे विविध STAFF GRIVENCE

Home / विद्यालय से बाहर(OoSC) बच्चों की सूचना


विद्यालय से बाहर(OOSC) बच्चों की सूचना

OOSC Survey Student Count :

Age 3 To 18

| क्रमांक | ग्रा.प./यू.एल.बी | ग्राम | बालक/बालिका | पिता का नाम | शैक्षिक स्थिति | उम्र | OoSC होने का कारण | चयन करें | मुख्यधारा से जुड़ाव | Confirm |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ISALI | ISALI | sohan | fuaa ram | इस वर्ष नामांकन योग्य | 5 | | मुख्यधारा से जोड़े | नहीं | |
| 2 | ISALI | ISALI | sonu | jay ram | इस वर्ष नामांकन योग्य | 5 | | मुख्यधारा से जोड़े | नहीं | |
| 3 | ISALI | ISALI | manju | tulsa ram | इस वर्ष नामांकन योग्य | 6 | | मुख्यधारा से जोड़े | नहीं | |
| 4 | ISALI | ISALI | bhumika | mangla ram | इस वर्ष नामांकन योग्य | 3 | | मुख्यधारा से जोड़े | नहीं | |
| 5 | ISALI | ISALI | bhavesh | gheverram | इस वर्ष नामांकन योग्य | 3 | | मुख्यधारा से जोड़े | नहीं | |
| 6 | ISALI | ISALI | kartik | dhagla ram | इस वर्ष नामांकन योग्य | 4 | | मुख्यधारा से जोड़े | नहीं | |
| 7 | ISALI | ISALI | dikshita | narayan lal | इस वर्ष नामांकन योग्य | 3 | | मुख्यधारा से जोड़े | नहीं | |
| 8 | ISALI | ISALI | kuldeep | deepa ram | इस वर्ष नामांकन योग्य | 3 | | मुख्यधारा से जोड़े | नहीं | |
| 9 | ISALI | ISALI | laxmam | tulsa ram | इस वर्ष नामांकन योग्य | 3 | | मुख्यधारा से जोड़े | नहीं | |
| 10 | ISALI | ISALI | hemant | puka ram | इस वर्ष नामांकन योग्य | 3 | | मुख्यधारा से जोड़े | नहीं | |

- इस मुख्य धारा से जोड़े विकल्प पर क्लिक करने पर विद्यार्थी की प्रवेश से संबंधित कुछ जानकारियां भरने का विकल्प प्रदर्शित होगा। जिसे सेव करने से विद्यार्थी मुख्य धारा प्रविष्ट किया जा सकेगा



विद्यालय से बाहर(OOSC) बच्चों की सूचना

OOSC Survey Student Count :

Age 3 To 18


मुख्यधारा से जुड़ाव की सूचना


बालक/बालिका: sohan
पिता का नाम: fuaa ram
ग्रा.प./यू.एल.बी. ISALI
ग्राम/वार्ड ISALI
विद्यालय का प्रकार : राजकीय विद्यालय निजी विद्यालय आंगनवाड़ी केंद्र अन्य
विद्यार्थी का कक्षा स्तर
प्रवेश की दिनांक dd/mm/yyyy
प्रवेशित कक्षा -- Select Class --
एस आर क्रमांक
बालक/बालिका की जन्मदिनांक dd/mm/yyyy


Save


- 16 से 19 आयु वर्ग के चिह्नित होने वाले शिक्षा से वंचित बालक–बालिकाओं एवं निरक्षर व्यक्तियों को उनकी आयु के अनुसार कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की विद्यालयी शिक्षा पूर्ण करवाने हेतु परिस्थिति अनुरूप विद्यालय/स्टेट ओपन स्कूल/राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में रजिस्ट्रेशन करवाया जाना सुनिश्चित करावें ताकि इनकी विद्यालयी शिक्षा पूर्ण करवायी जा सके।

# विद्यालय के निकटस्थ आंगनवाड़ी में अध्ययनरत विद्यार्थियों का विद्यालय में प्रवेश




HOME
डैशबोर्ड
विद्यालय
कार्मिक
विद्यार्थी
योजनायें
रिपोर्ट्स
SHIKSHAK APP
डाउनलोड
परिणाम
हेल्प डेस्क
SHALASAMBLAN APP
विविध
Home / Basic Details For New Admissions
BASIC DETAILS FOR NEW ADMISSIONS
Select the appropriate option
Select Class in which student wants to take admission
Select Pre-Admission Study Institute
--Select--
अन्य किसी भी आंगनबाड़ी से
विद्यालय में समन्वित आंगनबाड़ी से
अध्ययन हेतु प्रथम बार प्रवेश
निजी विद्यालय/PSP से
आयु अनुसार प्रवेश (अनामांकित /ड्राप आउट )
शालादर्पण से
अन्य राज्य से (With TC)
--Select--
Go
Cancel



ail
YouTube
Maps
State Election Com...
PayManager
Integrated ShalaDar...
Search results - You...
Font Co
UDISE Code : 08121301902, NIC-SD ID : 464885, OFFICE ID : 8923 , PE
Code : PEEO5011
HOME
डैशबोर्ड
विद्यालय
कार्मिक
विद्यार्थी
योजनायें
रिपोर्ट्स
SHIKSHAK APP
SHALASAMBLAN APP
विविध
Home / Basic Details For New Admissions
BASIC DETAILS FOR NEW ADMISSIONS
Select the appropriate option
Select Class in which student wants to take admission
1
Select Pre-Admission Study Institute
Select Anganwadi
District
JAIPUR
Block
CHAKSU
Anganwadi
Ankesh
Go
Cancel
- Select Anganwadi -
Aandan Pura(8110040629)
Aliya was(8110040414)
Ankesh Pura(8110040537)
Ashikpura(8110040605)
Azam Nagar(8110040415)
Badhh Bag Pura(8110040520)
badli(8110040601)
Bajdoli(8110040407)
barkhada(8110040110)
beed suratrampura(8110040114)
Bhadi Pura(8110040514)
bhawanipura(8110040112)
Bhojand(8110040423)
bhuratiya(8110040606)
biharipira(8110040116)
Birjnath pura(8110040422)
Bojyada(8110040536)
Brajrajpura(8110040626)
Chandlai 1(8110040401)

BASIC DETAILS FOR NEW ADMISSIONS

**Select the appropriate option**

Select Class in which student wants to take admission: 1

Select Pre-Admission Study Institute: अन्य किसी भी आंगनबाड़ी से

Select Anganwadi

District: JAIPUR | Block: CHAKSU | Anganwadi: Ankesh Pu

Go | Cancel

## Provisional List Of Students

| Sr No. | Anganwadi Name | Student Name | Father Name | Mother Name | DOB | Status |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ankesh Pura(8110040537) | Humisha Chopra | Girraj Prasad Chopra | Shimla Jat | 10-10-2020 | Proceed For Admission |

Select Anganwadi

District: JAIPUR | Block: CHAKSU | Anganwadi: Ashikpura(8110040605)

Go | Cancel

**Student Information related to admission**

* मोबाइल नंबर सहित सभी प्रविष्टियों की पूर्ति करना आवश्यक है, तत्पश्चात "Save Entries" पर क्लिक करें तथा उसके बाद "Confirm Admission" पर क्लिक करें |


* कक्षा (2-8) तक प्रवेश हेतु स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (T.C.) नहीं होने की स्थिति में घोषणा पत्र भरना अनिवार्य होगा |

* घोषणा पत्र की पीडीऍफ़ फाइल प्रिन्ट हेतु सुरक्षित (Save) रखे तथा सीधे ही प्रिंट हेतु Printer "ON" की स्थिति में रखे |

* घोषणा पत्र की आवश्यक पूर्ति के पश्चात संस्था प्रधान इसे अपने रिकॉर्ड हेतु विद्यालय में संधारित करें |

Old School/Anganwadi Name: ASHIKPURA

| | | | |
|---|---|---|---|
| Last Class of Previous School | -Select- | Result of Last Class at the previous School | N/A |
| पूर्व विद्यालय छोड़ने का वर्ष | NA | Poshan ID | Enter Poshan ID |
| Name | ANSHU PRAJAPAT | Father/Guardian Name | GANGA SAHAY |
| Mother Name | KAMLA DEVI | Category | -Select- |
| DOB | 09-05-2020 | Gender | Male |



Mobile No — Enter Mobile Number
PCTS-ID — Enter PCTS-ID

Session — 2026-27
Section — -Select-

Third Language — -Select-
Vocational Trade (9th/10th) — -Select-

Stream — -Select-

Optional Subject1 — -Select-
Optional Subject2 — -Select-
Optional Subject3 — -Select-
Optional Subject4 — -Select-

Palanhaar — Yes / No

(अनाथ-माता या पिता या दोनो जीवित नहीं/ पुनर्विवाहित विधवा माता, एड्स / एचआईवी पीड़ित या मृत्युदंड / आजीवन कारावास प्राप्त या कुष्ठ रोग से पीड़ित या विकलांग/ विशेष योग्याजन (40% या उससे अधिक) माता / पिता या 'नाता' जाने वाली /विधवा / निराश्रित पेंशन की विधवा/ तलाकशुदा महिला के बच्चे)

CWSN Type — --Select --

विद्यालय से विद्यार्थी के निवास स्थान की दूरी (किमी.)

विद्यालय से विद्यार्थी के निवास स्थान की दर्शायी गई दूरी यदि सही है तो कारण का चयन करे — --Select Reason--


कक्षा 1 से 5 के लिए 1 किमी. से अधिक पर एवं कक्षा 6 से 12 के लिए 2 किमी. से अधिक दूरी होने पर ही कारण का चयन करे

SRNO — Enter Fresh SRNO
Student Admission Date Accoding to School SR — Enter Student Admission Date

Save Entries | Clear Entries | Confirm Admission

* प्रवेश को कन्फर्म करने के लिए क्लिक करे। (बटन को एक्टिवेट करने ले लिए पहले फॉर्म पर मांगी गयी एस.आर. नंबर सहित सभी सूचनाए भरे व सेव बटन पर क्लिक करे। तदुपरात फॉर्म के नीचे ग्रिड में विद्यार्थी के नाम के आगे एडिट बटन पर क्लिक कर करे। पेज पर सेव किया डाटा पेज पर दिखाई देगा।

# यदि आंगनवाड़ी विद्यालय के साथ समन्वित हैं



## ANGANWADI ADMISSION

**नोट -** आगनबाड़ी में प्रवेश के लिए नीचे ड्राप डाउन में
PP+3 चयन करें यदि विद्यार्थी की आयु 3 वर्ष या इससे अधिक एवं 4 वर्ष से कम हो
PP+4 चयन करें यदि विद्यार्थी की आयु 4 वर्ष या इससे अधिक और 5 वर्ष से कम हो
PP+5 चयन करें यदि विद्यार्थी की आयु 5 वर्ष या इससे अधिक और 6 वर्ष से कम हो

| | | | |
|---|---|---|---|
| आगनवाड़ी का चयन करे। | -Select- | | |
| प्रवेश कक्षा | PP3+ | प्रवेश तिथि | 17-03-2026 |
| क्या प्रवेश लेने वाला विद्यार्थी अनाथ है | ○Yes ◉No | | |
| नाम | | माता का नाम | |
| पिता का नाम | | जेंडर | Boy |
| वर्ग | -Select- | धर्म | Select |
| प्रवेशित विद्यार्थी के संरक्षक/केयरटेकर का नाम | | जन्म तिथि | |
| आधार न. | | स्टेटस | Studying |